कॉर्डी गोल्ड नैनोपार्टिकल्स

हाल ही में **बोडोलैंड विश्वविद्यालय** सहित चार भारतीय संस्थानों के वैज्ञानिकों ने **कॉर्डी गोल्ड नैनोपार्टिकल्स (Cor-AuNPs)** विकसित किये हैं, जो **मानव शरीर में दवा वितरण** को तेज़ और सटीक बना सकते हैं।

- इन नैनोकणों को जर्मनी से **अंतरराष्ट्रीय पेटेंट** प्राप्त हुआ है।

कॉर्डी गोल्ड नैनोपार्टिकल्स (Cor-AuNPs):

- **परिचय:**
    - इन्हें **कॉर्डिसेप्स मिलिटेरिस** और **गोल्ड साल्ट** के अर्क के संश्लेषण से प्राप्त किया गया है।
        - **कॉर्डिसेप्स मिलिटेरिस,** बोडोलैंड विश्वविद्यालय में **जैव प्रौद्योगिकी विभाग के टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन सेंटर' (TIC) की प्रयोगशाला में विकसित किया** गया मूल्यवान **परजीवी कवक है।**
            - जंगली कॉर्डिसेप्स मशरूम, पूर्वी हिमालयी क्षेत्र में पाए जाते हैं।
        - **गोल्ड साल्ट**, आमतौर पर **दवा में इस्तेमाल होने वाले सोने के आयनिक रासायनिक यौगिक** होते हैं।
- **लाभ:**
    - जब दवा के कण छोटे होते हैं तो **कोशिकाओं में प्रवेश अधिक होता है।**
        - कॉर्डिसेप्स मिलिटेरिस को सुपर मशरूम कहा जाता है क्योंकि इसके बेहतर औषधीय गुणों के कारण बेहतर प्रवेश के लिये गोल्ड नैनोकणों के संश्लेषण में बायोएक्टिव घटक जुड़ते हैं।
        - जैव संश्लेषित नैनोगोल्ड कण चिकित्सीय दवाओं के विकास में नैनोकणों के **नए अनुप्रयोग का संकेत देते हैं जिन्हें मलहम, टैबलेट, कैप्सूल और अन्य रूपों में वितरित किया** जा सकता है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. कभी-कभी समाचारों में उल्लिखित "गुच्छी" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2022)

1. यह एक कवक है।
2. यह कुछ हिमालयी वन क्षेत्रों में उगता है।
3. पूर्वोत्तर भारत के हिमालय की तलहटी में इसकी वाणिज्यिक रूप से खेती की जाती है।.

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 2 और 3

उत्तर: (c)

व्याख्या:

- गुच्छी मशरूम एस्कोमाइकोटा परिवार मोरचेलासी में कवक की एक प्रजाति है। इनका रंग हल्का पीला होता है। हिमाचल प्रदेश, उत्तरांचल और जम्मू-कश्मीर की तलहटी में इसकी खेती व्यावसायिक रूप से नहीं की जा सकती है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cordy-gold-nanoparticles